**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**
**S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER-3-2024-25**
**Subject: Third Language HINDI**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 8x1=8

1. 'श्रीमान' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है- (A) श्रीमती (B) औरत (C) महिला (D) मान
2. 'रोना' शब्द का प्रेरणार्थक क्रिया रूप है- (A) रुलाई (B) रोना-धोना (C) रुकाना (D) रुलाना
3. 'जय' शब्द का विलोम रूप है- (A) विजय (B) पराजय (C) अजय (D) जीत
4. 'लिफाफे' शब्द का एकवचन रूप है- (A) लिफाफें (B) कागज (C) लिफाफा (D) बस्ता
5. 'बारहमास' शब्द में समास है (A) तत्पुरुष (B) द्विगु (C) अव्ययीभाव (D) कर्मधारय
6. निम्नलिखित में से गुण संधि का उदाहरण है -(A) परोपकार (B) एकैक (C) नयन (D) सत्याग्रह
7. लेखक ने धूप का चश्मा टेबुल .........रखा था। रिक्त स्थान में कारक चिह्न होगा (A) में (B) पर (C) से (D) को
8. मेरा ब्रीफकेस कहाँ चला गया? वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है। (A) प्रश्नार्थक (B) अल्प विराम (C) पूर्ण विराम (D) योजक

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** 4 x 1 = 4

9. रामानंद शास्त्री: लक्ष्मण शास्त्री :: अब्दुल कलाम : **जैनुलाबदीन**
10. कृष्ण का रंग: काला ::यशोदा का रंग: **गोरा**
11. रोबोट :कहानी ::ईमानदारों के सम्मेलन में : **व्यंग्य रचना**
12. बेलूर मंदिर: शिल्पकला :: गोल गुंबज : **वास्तुकला**

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** 4 x 1 = 4

13. रोज एक सेब खाने से किनकी जरूरत नहीं होगी ?
**उत्तर:** रोज़ एक सेब खाने से डॉक्टर की जरूरत नहीं होगी।
14. दया किसका मूल है ?
**उत्तर:** दया धर्म का मूल है।
15. हरिशंकर परसाई को कहाँ ठहराया गया ?
**उत्तर:** हरिशंकर परसाई को होटल के एक बड़े कमरे में ठहराया गया।
16. भारत के खेत कैसे हैं ?
**उत्तर:** भारत के खेत हरे-भरे और सुहाने हैं।

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** 8 x 2 = 16

17. आजकल शिक्षित समाज में किसके बारे में विचार किया जाता है ?
**उत्तर:** आजकल शिक्षित समाज में विटामिन और प्रोटीन के बारे में विचार किया जाता है।
18. जैनुलाबदीन के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए ।
**उत्तर:** जैनुलाबदीन आडंबरहीन व्यक्ति थे और सभी अनावश्यक एवं ऐशो-आराम वाली चीजों से दूर रहते थे। उनकी दिनचर्या पौ फ़टने के पहले ही सुबह चार बजे नमाज पढ़ने के साथ शुरू हो जाती थी।
19. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?
**उत्तर:** कृष्ण के क्रोधयुक्त चेहरे को देखकर, उसकी बातों को सुनकर यशोदा खुश हो जाती है। वह कृष्ण से कहती है कि बलराम जन्म से ही धूर्त है, चुगलखोर है। वह गोधन की सौगंध खाकर कहती है कि वह ही उसकी माता और कृष्ण ही उसका पुत्र है।

20. 'बालशक्ति' पाठ के आधार पर आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता है ?

उत्तर: गाँव की नियमित साफ़ सफाई करके गंदगी को दूर करना चाहिए। गाँव को हरा-भरा रखना चाहिए। गाँव का कूडा एक निश्चित जगह पर डालना चाहिए। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक बनाना चाहिए। इस तरह गाँव को 'आदर्श गाँव' बना सकते हैं।

21. दोस्तों ने किन-किन जानवरों से मुलाकात की ?

उत्तर: दोस्तों ने हाथी, साँप, भैस, मछली इनसे मुलाकात की।

22. मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

उत्तर: भारत माँ के खेत हरे-भरे और सुहाने है । वन-उपवन फ़ल-फ़ूलों से युत है । भारत भूमि के अंदर खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ है । भारत माता सुख-संपत्ति और धन-धाम को मुक्त हस्त से बाँट रही है । इससे भाारत माता का प्रकृति-सौन्दर्य बढ़ गया है।

23. शनि का निर्माण किन-किन गैसों से हुआ है ? **[अथवा]** उपग्रह टाइटन का परिचय दीजिए ।

उत्तर: शनि का निर्माण – हाईड्रोजन, हीलियम , मीथेन तथा एमोनिया गैसों से बना हैं ।

**[अथवा]**

उत्तर: शनि का सबसे बड़ा चंद्र टाइटन सौर-मंडल का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और दिलचस्प उपग्रह है । टाइटन हमारे चंद्र से भी काफ़ी बड़ा है । इसका व्यास 5150 किलोमीटर है ।

24. शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ? **[अथवा]** नागरिक के किन्हीं दो कर्तव्यों का परिचय दीजिए ।

उत्तर: शास्त्रों में सत्य बोलने को कुछ इस तरह समझाया है ।'सत्यं ब्रूयात्, प्रिय ब्रूयात्, न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्' अर्थात्, 'सच बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे, अप्रिय सत्य मत बोलो।'

**[अथवा]**

उत्तर: एक नागरिक की हैसियत से हमें अपने देश के राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय त्योहार आदि का आदर करना चाहिए । प्राकृति हमारी माता है । इसलिए हमें प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय करना नहीं चाहिए । अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना भी हमारा दायित्व है ।

**v. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** 9 x 3 = 27

25. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ? बताइए ।

उत्तर: एक मानव को दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी को मिटाना चाहिए । स्वयं को पहचानकर भाईचारे को समझना चाहिए । बुद्धि पर हृदय की जीत करे, वही विद्वान, वही ज्ञानी और मानव भी है ।

26. 'महिला की साहस गाथा' पाठ से हमें क्या सीख मिलती है ?

उत्तर: . 'महिला की साहस गाथा' पाठ से हमें यह संदेश मिलता है, कि महिलाएँ साहस प्रदर्शन में पुरुषों से कम नही है। ऐसी महिलाओं से साहस, परिश्रम, दृढनिश्चय, मुसीबतों का सामना करना आदि गुण सीखने की प्रेरणा मिलती है।

27. सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है। कैसे ?

उत्तर: 'सोशल नेटवर्किंग' ने दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर ला खड़ा कर दिया है। सोशल नेटनर्किंग के कई साइट्स हैं। जैसे – फेसबुक, आरकुट, ट्विट्टर, लिंकडइन आदि। इनसे दुनिया के लोगों के रहन-सहन, वेश-भूषा, खान-पान, कला, संस्कृति आदि का प्रभाव पड़ता है। इस.प्रकार यह एक क्रांतिकारी खोज है।

28. कर्नाटक की शिल्पकला का वर्णन कीजिए ।

उत्तर: कर्नाटक राज्य की शिल्पकला अनोखी है। बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु में जो मन्दिर है उनकी शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है। बेलूर, हलेबीडू, सोमनाथपुर के मंदिरों में जो पत्थर की जो मूर्तियाँ हैं, वे सजीव लगती हैं। श्रवणबेलगोल में 57 फूट ऊँची गोमटेश्वर की एक शिला प्रतिमा है जो दुनिया में त्याग और शांति का संदेश दे रही है।

29. कवि समय का सदुपयोग करने के लिए क्यों कहते हैं? स्पष्ट कीजिए ।

**उत्तर:** समय अधिक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी होता है। उसे जो अपना सच्चा साथी बनाएगा, वो ही अपने काम में सफल होगा। जो काम करना है वो अभी करना चाहिए। कल के बारे में हमें कुछ पता नहीं। इस लिए कवि समय का सदुपयोग करने के लिए कहते हैं।

30. महादेवी वर्मा गिल्लू की माँ जैसी थी। इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

**उत्तर:** महादेवी वर्मा जी ने पशु-पक्षियों को ही अपना परिवार मानकर, उनके प्रति अपनी ममता प्रकट करती है। 'गिल्लू' भी उनमें एक अच्छा उदाहरण है। गिलहरी को देखते ही उसके प्रति दया करना, घाव का उपचार करना, प्राण बचाना, काजू आदि खिलाना, झूला डालना, उसके साथ खेलना, अन्य गिलहरियों के संग उछल-कूदकर खेलने का अवसर देना इत्यादि से पता चलता है कि महादेवी वर्मा गिल्लू की माँ जैसी थी।

31. रोबोनिल और रोबोदीप की मुलाकात का वर्णन कीजिए ।

**उत्तर:** रोबोनिल रोज शाम को शेरू को टहलाने के लिए ले जाता था। एक दिन उसकी मुलाकात रोबोदीप से हो गई जो शर्मा परिवार में काम करता था, तथा उनके कुत्ते झबरू को घुमाने ले आया करता था। तब दोनों के बीच दोस्ती हुई। एक दूसरे ने अपने अपने परिवार के बारे में चर्चा की।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए : जड़ चेतन गुण दोषमय, विस्व कीन्ह करतार ।
संत हंस गुण गहहि पय, परिहरि वारि विकार ।।

**उत्तर:** प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास हंस पक्षी के साथ संत की तुलना करते हुए उसके स्वभाव का परिचय देते हैं - सृष्टिकर्ता ने इस संसार को जड़-चेतन और गुण-दोष मिलाकर बनाया है। अर्थात्, इस संसार में अच्छे-बुरे (सार-निस्सार), समझ नासमझ के रूप में अनेक गुण-दोष भरे हुए हैं, लेकिन हंस रूपी साधु लोग विकारों को छोड़कर अच्छे गुणों को अपनाते हैं ।

**33. निम्नलिखित बाक्य का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी भाषा में कीजिए:**

दोनों दोस्त मकान बनाना चाहते थे। लेकिन वे नहीं जानते थे कि मकान कैसे बनाते हैं। अतः पूछ-ताछ के लिए वे दोनों जंगल की ओर जाते हैं।

**उत्तर:** ಸ್ನೇಹಿತರಿಬ್ಬರೂ ಮನೆ ಕಟ್ಟಲು ಬಯಸಿದ್ದರು. ಆದರೆ ಮನೆ ಕಟ್ಟುವುದು ಹೇಗೆಂದು ತಿಳಿಯದ ಕಾರಣ ಇಬ್ಬರೂ ವಿಚಾರಿಸಲು ಕಾಡಿನ ಕಡೆಗೆ ಹೋಗುತ್ತಾರೆ.

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** **2x4=8**

34. पंडित राजकिशोर मानवता की मूर्ति हैं। कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

**[अथवा]**

बसंत ईमानदार लड़का था। कैसे? स्पष्ट कीजिए ।

**उत्तर:** पंडित राजकिशोर मजदूरों के नेता हैं। गरीबों के प्रति सहानुभूति दिखानेवाले व्यक्ति है। वे निःस्वार्थ सेवा करते हैं। बसंत की स्वाभिमानता देखकर, आवश्यकता न रहने पर भी सहायता करने की दृष्टि से वे उससे छलनी खरीदते हैं। प्रताप से बसंत के दुर्घटनाग्रस्त होने का पता चलते ही उसके घर पहुंचते हैं और अस्पताल ले जाने का प्रबंध करते हैं। डॉक्टर से इलाज करवाते हैं और दोनों को सांत्वना देते हैं। **[अथवा]**

**उत्तर:** बसंत ईमानदार और स्वाभिमानी लडका था। वह मेहनती भी था। वह बिना कुछ सामान बेचे, मुफ्त में पैसे लेने के लिए तैयार नहीं है। वह दया की भीख नहीं लेना चाहता है। वह परिश्रम करके जीना चाहता है। बसंत राजकिशोर से भीख नहीं लेकर, उन्हें छलनी खरीदने के लिए प्रेरित करता है। राजकिशोर द्वारा दिए गए नोट भुनाने के लिए वह बाजार जाता है। लेकिन लौटते समय मोटर दुर्घटना में उसके दोनों पैर कुचले जाते है। इसलिए वह नहीं लौट पाता। होश आते ही राजकिशोर को छुट्टे पैसे वापस देने के लिए बसंत अपने भाई प्रताप को उनके घर भेजता है। इससे उसकी ईमानदारी मालूम पड़ती है।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए:

असफलता ………………..

…………………भागो तुम ।

उत्तर: असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम ।

VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4×1=4

36. गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का जनम 7 मई 1861 को कोलकता में हुआ था। रवींद्रनाथ टैगोर एक कवि, उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार और दार्शनिक थे। 'गीतांजली' रचना पर उन्हें 'नोबल' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रवींद्र जी ने आठ वर्ष की उम्र में अपनी पहली कविता लिखी, सोलह साल की आयु में कहानियाँ और नाटक लिखना प्रारंभ कर दिया था । इनकी महान उपलब्धि पर उन्हें गुरुदेव के नाम से संबोधित किया जाता था ।

(अ) रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म कब हुआ ?

(आ) गीतांजली की रचना पर कौन-सा पुरस्कार मिला ?

(इ) रवींद्र जी ने अपनी किस आयु में नाटक और कविताएँ लिखीं ?

(ई) गुरुदेव के नाम से किसे संबोधित किया जाता था ?

उत्तर: अ). गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का जनम 7 मई 1861 को कोलकता में हुआ था।

उत्तर: आ) 'गीतांजली' रचना पर उन्हें 'नोबल' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

उत्तर: इ) रवींद्र जी ने आठ वर्ष की उम्र में अपनी पहली कविता लिखी, सोलह साल की आयु में कहानियाँ और नाटक लिखना प्रारंभ कर दिया था ।

उत्तर: ई) रवींद्रनाथ टैगो को गुरुदेव के नाम से संबोधित किया जाता था ।

VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1 x 4 = 4

37.

| (क) जनसंख्या की समस्या | (ख) इंटरनेट का महत्व | (ग) खेलों का महत्व |
|---|---|---|
| * प्रस्तावना | * विषय प्रवेश | * प्रस्तावना |
| * जनसंख्या वृद्धि के परिणाम | * इंटरनेट से लाभ | * खेलों के प्रकार |
| * परिहारोपाय | * इंटरनेट से हानियाँ | * खेलों का महत्व |
| * उपसंहार । | * उपसंहार । | * उपसंहार । |

उत्तर: **(क) जनसंख्या की समस्या**

**प्रस्तावना / विषय प्रवेश** :-बढ़ती जनसंख्या की समस्या सामान्य रूप से विश्व की समस्या है। भारत को बढ़ती हुई जनसंख्या का सामना करना पड़ रहा है। दुनियाँ की 17% आबादी भारत में रहती है। जनसंख्या की दृष्टि से भारत विश्व में दूसरे स्थान पर है।

**जनसंख्या में वृद्धि के कारण** :विज्ञान की उन्नति के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की सुविधाओं में उन्नति हुई है।विभिन्न बीमारियों के लिए इलाज और उपचार शोध किये गये हैं। फलतः जन्म लेनेवाले शिशुओं और रोगियों की मृत्युदर में कमी हुई है तथा औसत आयु में वृद्धि हुई है| अशिक्षित और गरीब वर्ग के लोगों के अज्ञान के कारण जनसंख्या मेंवृद्धि ।धार्मिक श्रद्धा के कारण जन्मनियंत्रण विधियोंऔर परिवार नियोजन विधियों को नहीं अपनाना।

**जनसंख्या विस्फोट के दुष्परिणाम** :बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण देश की प्रगति कुंठित होती है। वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि और दिन प्रतिदिन महंगाई बढ़ रही है । बेकारी और बेरोज़गारी की वजह से अपराधों में वृद्धि हुई है । पर्यावरण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हुई है।

**भारत में जनसंख्या नियंत्रण के लिए उठाए गए कदम** :सरकार ने पुरुषों के लिए न्यूनतम विवाह योग्य आयु 21वर्ष और महिलाओं के लिए18वर्ष तय की है।दत्तक ग्रहण को बढ़ावा दिया गया है सरकार द्वारा बच्चों को गोद लेने को भी बढ़ावा दे दिया

गया है। सरकार तथा सामाजिक संस्थाओं ने सभाओं,गोष्टीओं, संचार माध्यमों द्वारा छोटे परिवार से होनेवाले फ़ायदे का प्रचार व प्रसार किया है।

**उपसंहार** :भारत में बढ़ती जनसंख्या गंभीर चिंता का विषय है। हालांकि सरकार ने इस पर नियंत्रण रखने के लिए बहुत सारे कदम उठाए हैं, लेकिन यह नियंत्रण पर्याप्त प्रभावी नहीं है। इस समस्या को रोकने के लिए कई अन्य उपाय किए जाने की आवश्यकता है।

### (ख) इंटरनेट

**विषय प्रवेश :** इंटरनेट का अर्थ है अनगिनत कंप्यूटरों का एक दूसरे कंप्यूटरों के साथ संपर्क जोड़नेवाला जाल।

**लाभ :** इंटरनेट के द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं । कोई भी बिल भर सकते हैं । इंटरनेट बैंकिंग द्वारा दुनिया के किसी भी कोने में जितनी भी चाहे रकम भेजी जा सकती है। सचित्र संभाषण किया जा सकता है । सोशियल नेटवर्किंग द्वारा दुनिया के किसी भी देश के रहन-सहन, वेश-भूषा की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मुक्त संभाषण भी संभव है।

**हानियाँ :** इंटरनेट की वजह से पैरसी, बैंकिंग फ्रॉड, हैकिंग आदि बढ़ रही है । मुक्त वेबसाइट से चैटिंग आदि से युवा पीढ़ी इंटरनेट के कबंध बाहों के पाश में फंसी हुई हैं । इंटरनेट की वजह से अनुपयुक्त जानकारी हासिल कर रहे हैं।

उपसंहार : इंटरनेट एक ओर वरदान है तो, दूसरी ओर अभिशाप भी है। इसलिए छोटे बच्चों से लेकर बड़े - बूढ़ों तक सचेत रहना चाहिए।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** 1 x 5 = 5

38. कोई सकारण देते हुए चार दिन की छुट्टी माँगकर अपने प्रधानाध्यापक जी को एक पत्र लिखिए ।

**[अथवा]**

परीक्षा परिणाम के बारे में बताते हुए अपने पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए ।

**उत्तर: छुट्टि पत्र**

**प्रेषक,** दिनांक: 12-02-2025

महबूब बाषा एम
दसवीं कक्षा
सरकारी हाईस्कूल
एस.आर.कालोनी
बल्लारी-583101

**सेवामें,**

प्रधानाध्यपक
सरकारी हाईस्कूल
एस.आर.कालोन
बल्लारी-583101

**पूज्यगुरुजी,**

**विषय:** छुट्टी केलिए प्रार्थना पत्र।

उपर्युक्त विषयानुसार आपसे सविनय निवेदन है कि मैं अपने बहन के विवाह में शामिल होने के लिए बेंगलूरु जा रहा हूँ। इसलिए आप दिनांक 12-02-2025 से 15-02-2025 तक तीन दिनों की छुट्टी देने की कृपा करें।

**"धन्यवाद के साथ"**

आपका आज्ञाकारी छात्र
[ महबूब बाषा एम ]